1. बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) निम्नलिखित द्वारा कारक लागत पर जी.डी.पी. से संबंधित है

(A) सब्सिडी जोड़ना और अप्रत्यक्ष करों को घटाना

(B) कुल उत्पादन लागत को जोड़ना

(C) पूँजी परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास जोड़ना

(D) अप्रत्यक्ष करों को जोड़ना और सब्सिडी को घटाना

Gross Domestic Product (GDP) at market price is related to GDP at factor cost by

(A) Adding subsidies and subtracting indirect taxes

(B) Adding the total cost of production

(C) Adding depreciation on capital assets

(D) Adding indirect taxes and subtracting subsidies

2. भारत में वैधानिक तरलता अनुपात (एस.एल.आर.) का एक प्राथमिक कार्य क्या है ?

(A) वाणिज्यिक बैंकों को सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने से रोकना

(B) यह सुनिश्चित करना कि बैंक नकदी, सोना या सरकारी प्रतिभूतियां रखते हुए तरलता बनाए रखें

(C) परिसंपत्तियों की खराब गुणवत्ता के लिए बैंकों को दंडित करना

(D) रातोंरात अंतरबैंक ऋण दरों को स्वचालित रूप से समायोजित करना

What is one primary function of the Statutory Liquidity Ratio (SLR) in India ?

(A) To restrict commercial banks from investing in government securities

(B) To ensure banks maintain liquidity by holding cash, gold, or government securities

(C) To penalize banks for poor asset quality

(D) To adjust overnight interbank lending rates automatically

3. सार्वजनिक वस्तुओं के इष्टतम प्रावधान के लिए सैमुएलसन की शर्त में कहा गया है कि सभी व्यक्तियों के प्रतिस्थापन की सीमांत दरों का योग निम्नलिखित के बराबर होना चाहिए

(A) परिवर्तन की सीमांत दर

(B) उत्पादन की औसत लागत

(C) आय की सीमांत उपयोगिता

(D) निजी वस्तुओं की सीमांत लागत

Samuelson's condition for optimal provision of public goods states that the sum of marginal rates of substitution of all individuals should equal

(A) The marginal rate of transformation

(B) The average cost of production

(C) The marginal utility of income

(D) The marginal cost of private goods

4. AR, MR और कीमत लोच के बीच संबंध है

The relationship between AR, MR and Price Elasticity is

(A) $AR = MR \times [(e - 1) / e]$

(B) $MR = AR \times [e - 1 \times e]$

(C) $AR - MR = (e - 1) / e$

(D) $MR = AR \times [(e - 1) / e]$

5. सतत आर्थिक विकास मुख्य रूप से निम्नलिखित से संचालित होता है

(A) उत्पादकता में सुधार और तकनीकी प्रगति

(B) मुद्रास्फीति में वृद्धि

(C) ब्याज दरों में कमी

(D) सरकारी खर्चों में वृद्धि

Sustained economic growth is mainly driven by

(A) Productivity improvements and technological advancements

(B) A rise in inflation

(C) A decrease in interest rates

(D) An increase in government spending

6. जब e = 0 होता है, तो माँग की लोच होती है

(A) एकक रूप से लोचदार
(B) सापेक्ष अस्थिर

(C) पूर्ण अस्थिर
(D) पूर्ण लोचदार

When e = 0, the elasticity of demand is

(A) Unitary elastic
(B) Relatively inelastic

(C) Perfectly inelastic
(D) Perfectly elastic

7. मुद्रा के अवमूल्यन के परिणामस्वरूप

(A) घरेलू मुद्रा मूल्य में वृद्धि होती है

(B) स्थायी रूप से विनिमय दरें तय होती है

(C) निर्यात प्रतिस्पर्धा पर कोई प्रभाव नहीं होता है

(D) विदेशी मुद्राओं के सापेक्ष घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आती है

Devaluation of a currency results in

(A) An increase in the domestic currency value

(B) Fixing exchange rates permanently

(C) No impact on export competitiveness

(D) A decline in the value of the domestic currency relative to foreign currencies

8. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ऋण नियंत्रण का अप्रत्यक्ष तरीका नहीं है ?

(A) बैंक दर नीति
(B) नकद आरक्षित अनुपात

(C) रेपो दर
(D) खुला बाजार संचालन

Which among the following is not an indirect method of credit control by RBI ?

(A) Bank rate policy
(B) Cash Reserve Ratio

(C) Repo rate
(D) Open market operations



50910333345 50910333345 50910333345 50910333345

9. मुद्रा आपूर्ति को मापने में, M1 में सामान्यत: सम्मिलित हैं
(A) मुद्रा, मांग जमा, समय जमा और सरकारी प्रतिभूतियाँ
(B) केवल केंद्रीय बैंक द्वारा जारी की गई मुद्रा
(C) स्टॉक और बॉन्ड सहित सभी वित्तीय परिसंपत्तियाँ
(D) प्रचलन में मुद्रा, मांग जमा और अन्य जांच योग्य जमा
In measuring money supply, M1 typically includes
(A) Currency, demand deposits, time deposits and government securities
(B) Only currency issued by the Central Bank
(C) All financial assets including stocks and bonds
(D) Currency in circulation, demand deposits and other checkable deposits

10. लागतजन्य मुद्रास्फीति निम्नलिखित के परिणामस्वरूप हो सकती है
(A) मजदूरी, कच्चे माल की लागत या लाभ गुंजाइश में वृद्धि
(B) सरकारी खर्चों में कमी
(C) आयात शुल्क में कमी
(D) केवल मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि
Cost-push inflation can result from
(A) Increases in wages, raw material costs, or profit margins
(B) Decrease in government spending
(C) Reduction in import duties
(D) Increase in money supply only

11. चयनात्मक ऋण नियंत्रणों में सम्मिलित हैं
(A) मार्जिन संबंधी अपेक्षाएं, उधार राशि नियतन और नैतिक दबाव
(B) विदेशी मुद्रा हस्तक्षेप
(C) सरकारी व्यय प्रबंधन
(D) बैंक दर नीति और खुला बाजार संचालन
Selective Credit Controls include
(A) Margin requirements, credit rationing and moral suasion
(B) Foreign exchange interventions
(C) Government expenditure management
(D) Bank rate policy and open market operations

12. अन्त्योदय अन्न योजना कब शुरू की गई थी ?
(A) मई 2002
(B) दिसंबर 2000
(C) अक्टूबर 2005
(D) जनवरी 1999
When was the Antyodaya Anna Yojana scheme launched ?
(A) May 2002
(B) December 2000
(C) October 2005
(D) January 1999


09

13. सार्वजनिक व्यय वृद्धि के संबंध में वाइज़मैन-पीकॉक परिकल्पना इस अवधारणा पर आधारित है

(A) विस्थापन प्रभाव
(B) विसंकुलन प्रभाव
(C) गुणक प्रभाव
(D) स्वत: स्थिरक

The Wiseman-Peacock hypothesis regarding public expenditure growth is based on the concept of

(A) Displacement effect
(B) Crowding out effect
(C) Multiplier effect
(D) Automatic stabilizers

14. वाणिज्यिक बैंकों द्वारा ऋण सृजन मुख्य रूप से निम्नलिखित द्वारा सीमित है

(A) बाजार में ऋण की मांग द्वारा
(B) राजकोषीय नीतिगत निर्णयों द्वारा
(C) विदेशी मुद्रा भंडारों द्वारा
(D) आर.बी.आई. द्वारा निर्धारित आरक्षित आवश्यकताओं द्वारा

Credit creation by commercial banks is limited primarily by

(A) Market demand for loans
(B) Fiscal policy decisions
(C) Foreign exchange reserves
(D) Reserve requirements prescribed by RBI

15. स्वीज़ी के मॉडल में मूल्य कठोरता की अवधारणा किस बाजार रूप से संबंधित है ?

(A) अल्पाधिकार बाजार
(B) एकाधिकार बाजार
(C) एकाधिकारवादी बाजार
(D) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार

The Concept of Price rigidity in Sweezy's Model is related to which market form ?

(A) Oligopoly market
(B) Monopoly market
(C) Monopolistic market
(D) Perfect competition market

16. कीनेसियन सिद्धांत में, निवेश मुख्य रूप से निम्नलिखित द्वारा निर्धारित किया जाता है

(A) पूँजी और ब्याज की दर की सीमांत दक्षता
(B) सरकारी खर्च की राशि
(C) धन की आपूर्ति
(D) भौतिक पूँजी की उपलब्धता

In Keynesian theory, investment is primarily determined by

(A) The marginal efficiency of capital and rate of interest
(B) The amount of government spending
(C) The money supply
(D) The availability of physical capital

17. अधिकतम सामाजिक लाभ के सिद्धांत के अनुसार, सार्वजनिक व्यय ऐसा होना चाहिए कि

(A) सार्वजनिक राजस्व अधिकतम हो जाये

(B) सीमांत सामाजिक लाभ सीमांत सामाजिक लागत के बराबर हो जाये

(C) सरकारी खर्च हमेशा बढ़ता रहे

(D) सार्वजनिक ऋण को न्यूनतम किया जाये

According to the Principle of Maximum Social Advantage, public expenditure should be such that

(A) Public revenue is maximized

(B) The marginal social benefit equals the marginal social cost

(C) Government spending always increases

(D) Public debt is minimized

18. पूर्ण प्रतियोगिता में, यदि किसी फर्म का सीमांत लागत वक्र, ए.वी.सी. के निम्नतम बिंदु पर अपनी औसत परिवर्ती लागत वक्र को प्रतिच्छेद करता है, और बाजार कीमत इस न्यूनतम ए.वी.सी. के बराबर होती है, तो फर्म

(A) शटडाउन बिंदु पर अल्पावधि में उत्पादन जारी रखेगी

(B) हानि को कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाएगी

(C) उद्योग से स्थायी रूप से बाहर निकल जाएगी

(D) तत्काल बंद हो जाएगी क्योंकि यह परिवर्ती लागतों को पूरा नहीं कर सकती है

MC , AVC

P = AVC

In perfect competition, if a firm's marginal cost curve intersects its average variable cost curve at the minimum point of AVC, and market price equals this minimum AVC, the firm will

(A) Continue production in the short run at the shutdown point

(B) Increase production to minimize losses

(C) Exit the industry permanently

(D) Shutdown immediately as it cannot cover variable costs

19. जिस बिंदु पर कुल उत्पाद वक्र समतल होने लगता है, वह इंगित करता है

(A) उत्पादन में अधिकतम दक्षता

(B) नियत लागतों में कमी

(C) पैमाने पर वर्धमान प्रतिफल का अंत

(D) ह्रासमान सीमांत प्रतिफल का प्रारंभ

The point at which the total product curve begins to flatten out indicates

(A) Maximum efficiency in production

(B) A decrease in fixed costs

(C) The end of increasing returns to scale

(D) The onset of diminishing marginal returns

20. भारत की भारत से व्यापारिक निर्यात योजना (एम.ई.आई.एस.) का प्राथमिक उद्देश्य क्या था ?

(A) शुल्क क्रेडिट स्क्रिप के माध्यम से निर्यातकों को प्रोत्साहित करना

(B) कृषि में आयात प्रतिस्थापन को प्रोत्साहित करना

(C) निर्यातोन्मुख परिवारों को उपभोक्ता सहायिकी प्रदान करना

(D) विलासिता निर्यात पर अधिक शुल्क लगाना

What was the primary objective of India's Merchandise Export from India Scheme (MEIS) ?

(A) To incentivize exporters through duty credit scrips

(B) To encourage import substitution in agriculture

(C) To provide consumer subsidies to export-oriented households

(D) To impose higher duties on luxury exports

21. फिलिप्स वक्र निम्नलिखित के बीच व्युत्क्रम संबंध को निरूपित करता है

(A) ब्याज दरें और बेरोजगारी

(B) जी.डी.पी. वृद्धि और मुद्रास्फीति

(C) मुद्रा आपूर्ति और मुद्रास्फीति

(D) मुद्रास्फीति और बेरोजगारी

The Phillips Curve represents the inverse relationship between

(A) Interest rates and unemployment

(B) GDP growth and inflation

(C) Money supply and inflation

(D) Inflation and unemployment

22. भारतीय रिज़र्व बैंक मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करता है

(A) जनसंख्या वृद्धि लक्ष्य निर्धारित करके

(B) कृषि नीतियाँ निर्धारित करके

(C) प्रत्यक्ष करों का विनियमन करके

(D) रेपो और रिवर्स रेपो दरों को समायोजित करके

The Reserve Bank of India controls inflation primarily through

(A) Fixing population growth targets

(B) Setting agricultural policies

(C) Regulating direct taxes

(D) Adjusting repo and reverse repo rates

23. फर्म के लागत कार्यों के बीच संबंध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) कुल निश्चित लागत (टी.एफ.सी.) = कुल लागत (टी.सी.) – कुल परिवर्तनीय लागत (टी.वी.सी.)

(B) कुल लागत (टी.सी.) = कुल निश्चित लागत (टी.एफ.सी.) – कुल परिवर्तनीय लागत (टी.वी.सी.)

(C) कुल परिवर्तनीय लागत (टी.वी.सी.) = कुल निश्चित लागत (टी.एफ.सी.) – कुल लागत (टी.सी.)

(D) कुल लागत (टी.सी.) = कुल परिवर्तनीय लागत (टी.वी.सी.) – कुल निश्चित लागत (टी.एफ.सी.)

Which of the following statements is correct regarding the relationship between a firm's cost functions ?

(A) Total Fixed Cost (TFC) = Total Cost (TC) – Total Variable Cost (TVC)

(B) Total Cost (TC) = Total Fixed Cost (TFC) – Total Variable Cost (TVC)

(C) Total Variable Cost (TVC) = Total Fixed Cost (TFC) – Total Cost (TC)

(D) Total Cost (TC) = Total Variable Cost (TVC) – Total Fixed Cost (TFC)



TC = TVC + TFC

24. चैम्बर्लिन के एकाधिकारवादी प्रतिस्पर्धा मॉडल में, दीर्घावधिक संतुलन में

(A) कीमत औसत लागत के बराबर होती है परन्तु अतिरिक्त क्षमता के साथ सीमांत लागत से अधिक हो जाती है

(B) आर्थिक लाभ धनात्मक होते हैं

(C) फर्म न्यूनतम औसत लागत पर उत्पादन करती हैं

(D) कीमत सीमांत लागत और औसत लागत के बराबर होती है

In Chamberlin's monopolistic competition model, in long-run equilibrium

(A) Price equals average cost but exceeds marginal cost, with excess capacity

(B) Economic profits are positive

(C) Firms produce at minimum average cost

(D) Price equals marginal cost and average cost

25. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (एम.पी.सी.) 0.75 है, तो कीनेसियन गुणक का मान है

If the marginal propensity to consume (MPC) is 0.75, the value of the Keynesian multiplier is

(A) 3 (B) 4 (C) 5 (D) 2

26. पैमाने पर ह्रासमान प्रतिफल की मुख्य विशेषता क्या होती है ?

(A) कुल उत्पादन ह्रासमान दर से बढ़ता है

(B) कुल उत्पादन नियत रहता है

(C) कुल उत्पादन घटता है

(D) कुल उत्पादन वर्धमान दर से बढ़ता है

What is the primary characteristic of diminishing returns to scale ?

(A) Total output increases at a decreasing rate

(B) Total output remains constant

(C) Total output decreases

(D) Total output increases at an increasing rate

27. एकाधिकार में, उत्पाद के लिए निकट विकल्प के अभाव का परिणाम सामान्यतः होता है

(A) मांग की पूर्ण लोच

(B) पैमाने पर स्थिर प्रतिफल

(C) कीमत विभेद को व्यवहार में लाने की क्षमता

(D) एकाधिकारवादी के लिए एक अधो-प्रवण मांग वक्र

In a monopoly, the lack of close substitutes for the product typically results in

(A) Perfect elasticity of demand

(B) Constant returns to scale

(C) The ability to practice price discrimination

(D) A downward-sloping demand curve for the monopolist

28. भारत की जनसंख्या संरचना के संदर्भ में जनसांख्यिकीय लाभांश संदर्भित करता है

(A) अधिक कार्यशील आयु की आबादी से आर्थिक लाभ

(B) प्रजनन क्षमता में गिरावट से राजकोषीय अधिशेष

(C) अंतर्राष्ट्रीय प्रवास से अधिक प्रेषण

(D) तेजी से उम्र बढ़ने से तत्काल लाभ

The demographic dividend in the context of India's population structure refers to

(A) Economic advantage from a larger working-age population

(B) Fiscal surplus from declining fertility

(C) Higher remittances from international migration

(D) Immediate gains from rapid aging

29. "आधुनिक मौद्रिक सिद्धांत" (एम.एम.टी.) की अवधारणा यह सुझाव देती है कि

(A) संप्रभु मुद्राओं वाले देश हमेशा ऋण का भुगतान करने के लिए मुद्रा छाप सकते हैं, जिससे चूक असंभव हो जाती है

(B) केंद्रीय बैंकों को राजकोषीय नीति से पूरी तरह से स्वतंत्र होना चाहिए

(C) ऋण स्थिरता के लिए स्वर्ण मानक को बहाल किया जाना चाहिए

(D) आर्थिक विकास के लिए सरकारी ऋण सदैव समस्यापरक रहता है

The concept of "Modern Monetary Theory" (MMT) suggests that

(A) Countries with sovereign currencies can always print money to pay debts, making default impossible

(B) Central Banks should be completely independent of fiscal policy

(C) Gold standard should be restored for debt sustainability

(D) Government debt is always problematic for economic growth

30. नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) की स्थापना की गई थी

(A) 1991 में आर्थिक सुधारों के भाग के रूप में

(B) 1969 में बैंक राष्ट्रीयकरण के साथ

(C) 1982 में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का स्थान लेने के लिए

(D) 1975 में ग्राम ऋण के लिए शीर्ष संस्थान के रूप में

NABARD (National Bank for Agriculture and Rural Development) was established in

(A) 1991 as part of economic reforms

(B) 1969 along with bank nationalization

(C) 1982 to replace Agricultural Refinance and Development Corporation

(D) 1975 as apex institution for rural credit

31. भारत की वित्तीय प्रणाली में नाबार्ड का प्राथमिक कार्य है

(A) व्यक्तिगत किसानों को सीधे ऋण देना

(B) कृषि आयात के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन

(C) कृषि और ग्रामीण विकास के लिए पुनर्वित्त सहायता प्रदान करना

(D) वाणिज्यिक बैंकों के कृषि ऋण को विनियमित करना

NABARD's primary function in India's financial system is

(A) Directly lending to individual farmers

(B) Managing foreign exchange reserves for agricultural import

(C) Providing refinance support for agricultural and rural development

(D) Regulating commercial banks' agricultural lending

32. सीमांत स्थायी सुविधा (एम.एस.एफ.) बैंकों को ऋण लेने की अनुमति देती है

(A) सरकारी प्रतिभूतियों के विरुद्ध रेपो दर से अधिक दर पर भारतीय रिज़र्व बैंक से सीमित निधि

(B) बाजार दरों पर अन्य बैंकों से धन

(C) व्यापार वित्तपोषण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से विदेशी मुद्रा

(D) रेपो दर पर रिज़र्व बैंक से असीमित निधि

The Marginal Standing Facility (MSF) allows banks to borrow

(A) Limited funds from RBI at a rate higher than repo rate against government securities

(B) Funds from other banks at market rates

(C) Foreign currency from RBI for trade financing

(D) Unlimited funds from RBI at repo rate

33. आय पंचमांश अनुपात तुलना करता है

(A) शीर्ष 10% से लेकर निचले 10% तक की आय

(B) मध्यम वर्ग की कुल आय से मजदूर वर्ग की कुल आय

(C) ग्रामीण क्षेत्रों बनाम शहरी क्षेत्रों में आय का वितरण

(D) 20% सबसे गरीब की आय से 20% सबसे अमीर की आय

The income quintile ratio compares

(A) The income of the top 10% of earners to the bottom 10%

(B) The total income of the middle class to the total income of the working class

(C) The income distribution in rural areas versus urban areas

(D) The income of the poorest 20% of the population to the income of the richest 20%

34. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति असममित जानकारी के कारण बाजार की विफलता को सबसे अच्छी तरह से प्रदर्शित करती है ?

(A) गुणवत्ता के बारे में जानकारी की कमी के कारण उपभोक्ताओं का घटिया उत्पाद खरीदना

(B) सरकार द्वारा स्ट्रीट लाइटिंग जैसी सार्वजनिक वस्तुएँ उपलब्ध कराना

(C) एक प्राकृतिक एकाधिकार बाजार की सांद्रता को बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्थाएँ थीं

(D) एक एकाधिकारवादी द्वारा आपूर्ति को कम करके बाजार की शक्ति का दोहन करना

Which of the following situations best demonstrates a market failure due to asymmetric information ?

(A) Consumers buying substandard products because they lack information about quality

(B) The government providing public goods like street lighting

(C) A natural monopoly were economies of scale drive market concentration

(D) A monopolist exploiting market power by reducing supply

35. उत्पादन के कारकों की पूर्ण प्रतिस्थापनीयता निम्नलिखित द्वारा कल्पित की जाती है

(A) रैखिक सममात्रा

(B) उत्तल सममात्रा

(C) विभंगित सममात्रा

(D) निवेश-निर्गत सममात्रा

Perfect substitutability of factors of production is assumed by

(A) Linear isoquant

(B) Convex isoquant

(C) Kinked isoquant

(D) Input-output isoquant

36. पारस्परिक मांग के सिद्धांत में, दोनों देशों के बीच व्यापार की वास्तविक शर्तें निम्नलिखित के द्वारा निर्धारित की जाती हैं

(A) अधिक कुशल देश में उत्पादन लागतों द्वारा

(B) एक-दूसरे के उत्पादों की मांग की सापेक्ष तीव्रता द्वारा

(C) अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित विनिमय दर द्वारा

(D) वार्ता में मजबूत सौदेबाजी की शक्ति वाले देश के द्वारा

In the theory of reciprocal demand, the actual terms of trade between two countries are determined by

(A) The production costs in the more efficient country

(B) The relative intensity of demand for each other's products

(C) The exchange rate fixed by international monetary authorities

(D) The country with stronger bargaining power in negotiations

37. क्रय शक्ति समता (पी.पी.पी.) सिद्धांत के अनुसार

(A) विनिमय दरें ब्याज दर के अंतर से निर्धारित की जाती हैं

(B) पूँजी प्रवाह विशेष रूप से विनिमय दरों का निर्धारण करता है

(C) विनिमय दरें अंतर्राष्ट्रीय समझौते द्वारा तय की जानी चाहिए

(D) दीर्घावधि में विनिमय दरें देशों के बीच कीमत स्तरों के अनुपात के बराबर होनी चाहिए

According to Purchasing Power Parity (PPP) theory

(A) Exchange rates are determined by interest rate differentials

(B) Capital flows determine exchange rates exclusively

(C) Exchange rates should be fixed by international agreement

(D) Exchange rates should equal the ratio of price levels between countries in the long run

38. अन्नपूर्णा योजना का मुख्य उद्देश्य है

(A) ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का सृजन करना

(B) पात्र वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना

(C) वित्त फसल बीमा सहायिकी

(D) कृषि में निर्यात संवर्धन पर सहायिकी देना

The main objective of the Annapurna scheme is to

(A) Create employment for rural youth

(B) Provide free food grains to eligible senior citizens

(C) Finance crop insurance subsidies

(D) Subsidize export promotion in agriculture

39. एक समाजवादी अर्थव्यवस्था में, मूल्य निर्धारण मुख्य रूप से इस पर आधारित होता है

(A) बाजार मांग और आपूर्ति संतुलन

(B) मूल्य निर्धारण के माध्यम से अधिकतम लाभ कमाने वाली फर्में

(C) कई फर्मों के बीच कीमत प्रतिस्पर्धा

(D) राज्य योजना और प्रशासनिक निर्देश

In a socialist economy, price determination is primarily based on

(A) Market demand and supply equilibrium

(B) Firms maximizing profits via price-taking

(C) Price competition among many firms

(D) State planning and administrative directives

5091033345

40. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा चयनात्मक उधार नियंत्रण का मुख्य उद्देश्य है

(A) सभी क्षेत्रों में एक समान ब्याज दर बनाए रखना

(B) वाणिज्यिक बैंकों के लाभ मार्जिन को समाप्त करना

(C) विशिष्ट क्षेत्रों या उद्देश्यों के लिए प्रत्यक्ष उधार प्रवाह

(D) अर्थव्यवस्था में उधार की कुल मात्रा को नियंत्रित करना

Selective credit control by RBI primarily aims to

(A) Maintain uniform interest rates across all sectors

(B) Eliminate commercial banks' profit margin

(C) Direct credit flow to specific sectors or purposes

(D) Control the total volume of credit in the economy

41. निम्नलिखित में से किसकी अत्यधिक लोचहीन आपूर्ति होगी ?

(A) टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएँ (B) पुस्तकें

(C) इलेक्ट्रिक कार (D) शीघ्रनाशी वस्तुएँ

Which of the following will have a highly inelastic supply ?

(A) Consumer durable goods (B) Books

(C) Electric car (D) Perishable goods

42. शट-डाउन कीमत किसे कहा जाता है ?

(A) जब वस्तु की कीमत औसत परिवर्ती लागत से कम हो जाती है

(B) जब वस्तु की कीमत औसत परिवर्ती लागत से अधिक होती है

(C) जब MC = MR होता है

(D) जब वस्तु की कीमत औसत परिवर्ती लागत के बराबर होती है

What is known as Shut-down Price ?

(A) When price of the good falls below the average variable costs

(B) When price of the good is more than the average variable cost

(C) When MC = MR

(D) When price of the good is equals to the average variable cost

43. जब r = 1 है, तो एक विकीर्ण आरेख में सभी बिंदु होंगे

(A) ऊपरी बाएँ से निचले दाएँ की ओर निर्दिष्ट एक सीधी रेखा पर

(B) एक सीधी रेखा पर

(C) एक ऊर्ध्वाधर रेखा पर

(D) निचले बाएँ से ऊपरी दाएँ की ओर निर्दिष्ट एक सीधी रेखा पर

When r = 1, all the points in a scatter diagram would lie

(A) On a straight line directed from upper left to lower right

(B) On a straight line

(C) On a vertical line

(D) On a straight line directed from lower left to upper right



P change
S – No change

44. ब्याज दर समता शर्त का यह कथन है कि

(A) ब्याज दर का अंतर घरेलू मुद्रा की अपेक्षित मूल्यह्रास दर के बराबर है

(B) उच्च ब्याज दरें सदैव पूंजी प्रवाह को आकर्षित करती हैं

(C) केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरों की नीतियों का समन्वयन करना चाहिए

(D) सभी देशों में ब्याज दरें समान होनी चाहिए

The Interest Rate Parity condition states that

(A) The interest rate differential equals expected depreciation rate of domestic currency

(B) Higher interest rates always attract capital inflows

(C) Central banks should coordinate interest rate policies

(D) Interest rates should be equal across countries

45. इष्टतम कराधान के लिए रामसे नियम के अनुसार, वस्तुओं पर कर लगाया जाना चाहिए

(A) उनकी मांग लोच के विपरीत अनुपात में (अस्थिर वस्तुओं पर उच्च कर)

(B) केवल तभी जब वे विलासिता वस्तुएँ हों

(C) उनकी आय लोच के अनुसार

(D) मांग लोच की परवाह किए बिना समान रूप से

According to the Ramsey rule for optimal taxation, goods should be taxed

(A) In inverse proportion to their elasticity of demand (higher tax on inelastic goods)

(B) Only if they are luxury goods

(C) According to their income elasticity

(D) Equally regardless of demand elasticity

46. उत्पादन समाप्ति प्रमेय बताती है कि

(A) उत्पादन तब तक जारी रहता है जब तक सीमांत राजस्व सीमांत लागत से अधिक रहता है

(B) जब औसत परिवर्ती लागत कीमत से अधिक हो जाती है

(C) जब भी निश्चित लागत को कवर किया जाता है

(D) उत्पादन बंद हो जाना चाहिए जब सीमांत लागत शून्य हो जाए

The production termination theorem postulates that

(A) Production continues as long as marginal revenue exceeds marginal cost

(B) When average variable cost exceeds price

(C) Whenever fixed cost is covered

(D) Production should stop when marginal cost becomes zero

47. माल्थस ने तर्क दिया कि जनसंख्या को दो प्रकार के निरोधों द्वारा संसाधन सीमा के भीतर रखा गया था, जिसे उन्होंने कहा

(A) पॉजिटिव चेक्स और एफ़र्मेटिव चेक्स

(B) नेचुरल चेक्स और प्रेवेंटिव चेक्स

(C) पॉजिटिव चेक्स और प्रेवेंटिव चेक्स

(D) पॉजिटिव चेक्स और नेगेटिव चेक्स

Malthus argued that population was held within resource limits by two types of checks, which he termed as

(A) positive checks and affirmative checks

(B) natural checks and preventive checks

(C) positive checks and preventive checks

(D) positive checks and negative checks

48. भारत के मौद्रिक समग्र वर्गीकरण में, M3 में सम्मिलित है

(A) बैंकों में M1 प्लस बचत जमा

(B) M1 प्लस बैंकों के साथ सावधि जमा

(C) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पास M2 प्लस जमा

(D) केवल प्रचलित मुद्रा और मांग जमा

In India's monetary aggregates classification, M3 includes

(A) M1 plus savings deposits with banks

(B) M1 plus time deposits with banks

(C) M2 plus deposits with non-banking financial companies

(D) Only currency in circulation and demand deposits

49. यदि मांग में प्रतिशत वृद्धि मूल्य में प्रतिशत वृद्धि से कम है, तो लोच को कहा जाता है

(A) 1 के बराबर (B) 1 से अधिक (C) 0 के बराबर (D) 1 से कम

If the percentage increase in demand is less than percentage increase in price, elasticity is said to be

(A) Equal to 1 (B) Greater than 1 (C) Equal to 0 (D) Less than 1

50. निम्नलिखित में से कौन-सा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में राजकोषीय नीति का प्राथमिक उद्देश्य है ?

(A) आर्थिक विकास और आय का न्यायोचित वितरण

(B) सार्वजनिक व्यय में कमी

(C) विशेष रूप से व्यापार उदारीकरण

(D) केवल मुद्रास्फीति पर नियंत्रण

Which of the following is a primary objective of fiscal policy in developing economies ?

(A) Economic growth and equitable income distribution

(B) Reduction of public expenditure

(C) Trade liberalization exclusively

(D) Inflation control only

51. हेक्शर-ओहलिन मॉडल के अनुसार, एक देश ऐसी वस्तुओं का निर्यात करेगा

(A) जिनकी विश्व स्तर पर सबसे कम पूर्ण उत्पादन लागत है

(B) जो अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अस्थिर मांग का सामना करें

(C) जो उत्पादन के उन कारकों का गहनता से उपयोग करें जिनमें यह अपेक्षाकृत प्रचुर मात्रा में है

(D) जिन्हें उन्नत तकनीक की आवश्यकता है जो अन्य देशों में उपलब्ध नहीं है

According to the Heckscher-Ohlin model, a country will export goods that

(A) Have the lowest absolute production costs globally

(B) Face inelastic demand in international markets

(C) Use intensively the factors of production in which it is relatively abundant

(D) Require advanced technology not available in other countries

52. नाइट के अनुसार, शुद्ध लाभ निम्नलिखित के कारण होता है

(A) किराया

(B) अनिश्चितता का असर

(C) मजदूरी का बलिदान

(D) सामान्य जोखिम

According to Knight, pure profit occurs due to

(A) Rent

(B) Uncertainty-bearing

(C) Wage sacrifice

(D) Normal risk

53. विनिमय दर निर्धारण का भुगतान संतुलन सिद्धांत मुख्य रूप से किस मूलभूत कारक पर बल देता है ?

(A) वास्तविक जी.डी.पी. वृद्धि दरों में अंतर

(B) स्वर्ण भंडार की उपस्थिति

(C) विदेशी मुद्रा की मांग और आपूर्ति

(D) देश का मौद्रिक आधार

The Balance of Payments theory of exchange rate determination primarily emphasizes which fundamental factor ?

(A) The difference in real GDP growth rates

(B) The presence of gold reserves

(C) The demand and supply of foreign exchange

(D) The monetary base of the country

54. किसी उत्पाद की कीमत लोच की मांग अधिक लोचदार होगी यदि

(A) इसके कई प्रतिस्थापन हैं

(B) यह आवश्यकता की एक वस्तु है

(C) यह जीवन-रक्षक उत्पाद है

(D) इसका कोई प्रतिस्थापन नहीं है

Price elasticity demand of a product will be more elastic if it

(A) has number of substitutes

(B) is an item of necessity

(C) is life saving product

(D) has no substitutes

509103345

55. वैगनर के वर्धमान सार्वजनिक व्यय के नियम में कहा गया है कि

(A) जनसंख्या वृद्धि की तुलना में सार्वजनिक व्यय तेजी से बढ़ता है

(B) सरकारी खर्च को कर राजस्व के बराबर होना चाहिए

(C) सार्वजनिक व्यय बिल्कुल व्यावसायिक चक्रों का अनुसरण करता है

(D) प्रति व्यक्ति आय बढ़ने पर सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में सार्वजनिक व्यय में वृद्धि होती है

Wagner's Law of increasing public expenditure states that

(A) Public expenditure grows faster than population growth

(B) Government spending should equal tax revenue

(C) Public expenditure follows business cycles exactly

(D) Public expenditure as a proportion of GDP tends to increase as per capita income increases

56. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में गुरुत्वीय मॉडल से पता चलता है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार होता है

(A) भौगोलिक कारकों से स्वतंत्र

(B) केवल तुलनात्मक लाभ द्वारा निर्धारित किया गया

(C) उनके आर्थिक आकार से सीधे संबंधित और उनके बीच की दूरी से विपरीत रूप से संबंधित

(D) उनके आर्थिक आकार से विपरीत रूप से संबंधित

The gravity model in international trade suggests that bilateral trade between two countries is

(A) Independent of geographic factors

(B) Determined solely by comparative advantage

(C) Directly related to their economic sizes and inversely related to distance between them

(D) Inversely related to their economic sizes

57. दीर्घकालिक फिलिप्स वक्र को सामान्यतः माना जाता है

(A) आपूर्ति के पार्श्व प्रभावों के कारण उपरिवर्ती प्रवण

(B) बेरोजगारी की प्राकृतिक दर पर ऊर्ध्वाधर

(C) कीमत स्थिरता का संकेत देता क्षैतिज

(D) स्थायी व्यापार-बंद का संकेत देता अधोवर्ती प्रवण

The long-run Phillips curve is generally considered to be

(A) Upward sloping due to supply-side effects

(B) Vertical at the natural rate of unemployment

(C) Horizontal indicating price stability

(D) Downward sloping indicating permanent trade-off

58. प्रसरण की कौन-सी माप केवल निरपेक्ष विचलन पर आधारित है ?

(A) मानक विचलन
(B) माध्य विचलन
(C) चतुर्थांश विचलन
(D) सीमा

Which measure of dispersion is based on the absolute deviation only ?

(A) Standard Deviation
(B) Mean Deviation
(C) Quartile Deviation
(D) Range

59. किसी देश के आर्थिक विकास के हिस्से के रूप में उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर से कम जन्म दर और कम मृत्यु दर में देशों के परिवर्तन की व्याख्या करने की प्रक्रिया के निरूपण के लिए उपयोग किया जाने वाला मॉडल निम्नलिखित रूप में जाना जाता है

(A) जनसांख्यिकीय लाभांश मॉडल
(B) जनसांख्यिकीय संक्रमण मॉडल
(C) आर्थिक संक्रमण मॉडल
(D) भौगोलिक संक्रमण मॉडल

The model used to represent the process of explaining the transformation of countries from high birth rates and high death rates to low birth rates and low death rates as part of the economic development of a country is known as

(A) Demographic dividend model
(B) Demographic transition model
(C) Economic transition model
(D) Geographic transition model

60. क्रुगमैन द्वारा विकसित 'नया व्यापार सिद्धांत' पारंपरिक हेक्शर-ओहलिन सिद्धांत से निम्नलिखित पर बल देने के करण भिन्न है

(A) व्यापार के एकमात्र निर्धारक के रूप में कारक दान
(B) वर्धमान अनुमापी प्रतिफल और एकाधिकारवादी प्रतियोगिता
(C) देशों के बीच श्रम उत्पादकता में अंतर
(D) पूर्ण प्रतियोगिता और अनुमापी प्रतिफल

The 'New Trade Theory' developed by Krugman differs from traditional Heckscher-Ohlin theory by emphasizing

(A) Factor endowments as the sole determinant of trade
(B) Increasing returns to scale and monopolistic competition
(C) Labor productivity differences between countries
(D) Perfect competition and constant returns to scale

61. एक तर्कसंगत उत्पादक उस क्षेत्र में उत्पादन करता है जहाँ

(A) परिवर्ती निवेश का सीमांत भौतिक उत्पाद नकारात्मक हो जाता है

(B) परिवर्ती निवेश का सीमांत भौतिक उत्पाद घटता जाता है

(C) स्थायी निवेश का सीमांत भौतिक उत्पाद बढ़ता जाता है

(D) स्थायी निवेश का सीमांत भौतिक उत्पाद नकारात्मक हो जाता है

A rational producer produces in that region where

(A) marginal physical product of the variable input becomes negative

(B) marginal physical product of the variable input becomes declining

(C) marginal physical product of the fixed input becomes increasing

(D) marginal physical product of the fixed input becomes negative

62. निम्नलिखित में से कौन-सी लियोन्टीफ विरोधाभास के लिए सामान्यत: प्रस्तावित व्याख्या नहीं है ?

(A) उत्पादन में कारक तीव्रता में विपर्यास

(B) व्यापार पैटर्न को प्रभावित करती प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता

(C) पहले से ही प्राप्त पूर्ण कारक कीमत समानीकरण

(D) देशों के बीच श्रम गुणवत्ता (मानव पूंजी) में अंतर

Which of the following is not a commonly proposed explanation for the Leontief Paradox ?

(A) Factor intensity reversals in production

(B) Natural resource abundance affecting trade patterns

(C) Perfect factor price equalization already achieved

(D) Differences in labor quality (human capital) between countries

63. भुगतान संतुलन समायोजन में 'J-वक्र प्रभाव' से पता चलता है कि

(A) आयात की कीमतें निर्यात मात्रा की तुलना में तेजी से समायोजित होती हैं

(B) विनिमय दर में परिवर्तन का व्यापार प्रवाह पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है

(C) अवमूल्यन के बाद सुधार से पहले व्यापार संतुलन शुरू में खराब हो जाता है

(D) अवमूल्यन तुरंत व्यापार संतुलन में सुधार करता है

The 'J-curve effect' in balance of payments adjustment suggests that

(A) Import prices adjust faster than export volumes

(B) Exchange rate changes have no impact on trade flows

(C) Trade balance initially worsens before improving after devaluation

(D) Devaluation immediately improves the trade balance

64. सूची - I का सूची - II के साथ मिलान करें।

**सूची - I**
**(नीति/योजना)**

a. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000
b. नयी औद्योगिक नीति 1991
c. अन्नपूर्णा योजना
d. मनरेगा

**सूची - II**
**(विशेषताएँ)**

I. उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण
II. 2.1 की कुल प्रजनन दर प्राप्त करना
III. गरीबी रेखा से नीचे के वरिष्ठ नागरिकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना
IV. प्रति परिवार 100 दिनों के ग्रामीण मजदूरी रोजगार की गारंटी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) a – I, b – II, c – III, d – IV
(B) a – I, b – II, c – IV, d – III
(C) a – III, b – IV, c – I, d – II
(D) a – II, b – I, c – III, d – IV

Match List – I with List – II.

**List – I**
**(Policy/ Scheme)**

a. National Population Policy 2000
b. New Industrial Policy 1991
c. Annapurna Scheme
d. MGNREGA

**List – II**
**(Features)**

I. Liberalization, privatization and globalization
II. Achieving a total fertility rate of 2.1
III. Providing food grains to senior citizens below the poverty line
IV. Guaranteeing 100 days of rural wage employment per household

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) a – I, b – II, c – III, d – IV
(B) a – I, b – II, c – IV, d – III
(C) a – III, b – IV, c – I, d – II
(D) a – II, b – I, c – III, d – IV

65. कीनेस के तरलता अधिमान सिद्धांत के अनुसार, ब्याज दर निर्धारित की जाती है

(A) मुद्रा की मांग और आपूर्ति द्वारा

(B) पूँजी की सीमांत उत्पादकता द्वारा

(C) केवल समय वरीयता और उत्पादकता पर विचार द्वारा

(D) बचत और निवेश अनुसूचियों के प्रतिच्छेद द्वारा

According to Keynes's liquidity preference theory, the interest rate is determined by

(A) The demand and supply of money

(B) The marginal productivity of capital

(C) Time preference and productivity considerations only

(D) The intersection of saving and investment schedules

66. मजदूरी के आधुनिक सिद्धांत के अनुसार, संतुलन मजदूरी निम्नलिखित द्वारा निर्धारित की जाती है

(A) सामूहिक सौदेबाजी

(B) श्रम के लिए मांग और आपूर्ति की अंतःक्रिया

(C) नियोक्ता का स्वेच्छ निर्णय

(D) सरकारी मजदूरी नीति

According to the modern theory of wages, the equilibrium wage is determined by

(A) Collective bargaining

(B) Interaction of demand and supply for labour

(C) Employer's arbitrary decision

(D) Government wage policy

67. मुसग्रेव के सार्वजनिक वित्त के सिद्धांत के अनुसार, सरकार के तीन मुख्य कार्य हैं

(A) आवंटन, वितरण और स्थिरीकरण

(B) रक्षा, आधारभूत संरचना और कल्याण

(C) योजना, विनियमन और कराधान

(D) राजस्व संग्रह, व्यय प्रबंधन और ऋण नियंत्रण

According to Musgrave's theory of public finance, the three main functions of government are

(A) Allocation, distribution and stabilization

(B) Defense, infrastructure and welfare

(C) Planning, regulation and taxation

(D) Revenue collection, expenditure management and debt control

68. उपभोक्ता अधिशेष का नियम निम्नलिखित पर आधारित है

(A) प्रकट वरीयता सिद्धांत

(B) प्रतिस्थापन का नियम

(C) ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता नियम

(D) अनधिमान वक्र विश्लेषण

The law of consumer surplus is based on

(A) revealed preference theory

(B) law of substitution

(C) law of diminishing marginal utility

(D) indifferent curve analysis

69. सार्वजनिक व्यय के आर्थिक प्रभावों में निम्नलिखित को छोड़कर सभी सम्मिलित हैं

(A) आय को समूहों में पुनर्वितरित करके वितरण प्रभाव

(B) कुल मांग पर गुणक प्रभावों के माध्यम से स्थिरीकरण प्रभाव

(C) बाजार की सभी विफलताओं का स्वचालित उन्मूलन

(D) निजी निवेश के माध्यम से संसाधन आवंटन प्रभाव

The economic effects of public expenditure include all, except

(A) Distribution effects by redistributing income across groups

(B) Stabilization effects through multiplier impacts on aggregate demand

(C) Automatic elimination of all market failures

(D) Resource allocation effects through crowding out private investment

70. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए एक सामान्य संतुलन ढांचे में, वैश्विक संतुलन के लिए निम्नलिखित शर्त की आवश्यकता होती है

(A) सभी देशों में कारक कीमतों को बराबर किया जाना चाहिए

(B) सभी देशों को समान उत्पादन तकनीकों का उपयोग करना चाहिए

(C) प्रत्येक वस्तु के लिए विश्व की अतिरिक्त मांग शून्य के बराबर होनी चाहिए

(D) प्रत्येक देश में व्यक्तिगत रूप से संतुलित व्यापार होना चाहिए

In a general equilibrium framework for international trade, the condition for global equilibrium requires that

(A) Factor prices must be equalized across all countries

(B) All countries must use identical production technologies

(C) World excess demand for each good must equal zero

(D) Each country must have balanced trade individually

71. दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956 – 61) के दौरान भारत की लक्षित सकल घरेलू उत्पाद विकास दर के लिए आवश्यक निवेश का अनुमान लगाने के लिए हैरोड-डोमर मॉडल को लागू करने के लिए निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित करें ।

a. वृद्धिशील पूँजी-उत्पादन अनुपात (आई.सी.ओ.आर.) का अनुमान लगाना ।

b. जी.डी.पी. वृद्धि दर का लक्ष्य निर्धारित करना ।

c. निवेश प्राप्त करने के लिए आवश्यक बचत दर की गणना करना ।

d. आई.सी.ओ.आर. और विकास दर का उपयोग करके आवश्यक निवेश दर निर्धारित करना ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) a, c, b, d (B) b, a, d, c (C) c, b, d, a (D) a, b, c, d

Arrange the following steps in the correct sequence to apply the Harrod-Domar model to estimate the required investment for India's targeted GDP growth rate during the Second Five-Year Plan (1956 – 61).

a. Estimate the incremental capital-output ratio (ICOR).

b. Set the target GDP growth rate.

c. Calculate the required savings rate to achieve the investment.

d. Determine the required investment rate using ICOR and growth rate.

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) a, c, b, d (B) b, a, d, c (C) c, b, d, a (D) a, b, c, d

72. ऋण-अवस्फीति चक्र, जैसा कि इरविंग फिशर द्वारा वर्णित है, तब घटित होता है जब

(A) मुद्रास्फीति वास्तविक ऋण के बोझ को कम करती है

(B) सरकार ऋण को नियंत्रित करने के लिए धन की आपूर्ति कम करती है

(C) मुद्रा में वृद्धि के कारण निर्यात राजस्व में गिरावट आती है

(D) गिरती कीमतों से वास्तविक ऋण का बोझ बढ़ता है जिससे और अधिक अवस्फीति होती है

Debt-deflation spiral, as described by Irving Fisher, occurs when

(A) Inflation reduces real debt burden

(B) Government reduces money supply to control debt

(C) Export revenues decline due to currency appreciation

(D) Falling prices increase real debt burden leading to further deflation

73. मुक्तांत वर्गीकरण के लिए, केंद्रीय प्रवृत्ति की सर्वोत्तम माप निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(A) गुणोत्तर माध्य (B) बहुलक

(C) माध्यिका (D) समांतर माध्य

For open-end classification, which of the following is the best measure of central tendency ?

(A) Geometric Mean (B) Mode

(C) Median (D) Arithmetic Mean

74. 'वितरण का सीमांत उत्पादकता सिद्धांत' यह दावा करता है कि

(A) प्रतिलाभ कानून द्वारा तय किए जाते हैं

(B) प्रत्येक कारक अपने सीमांत उत्पाद का मूल्य अर्जित करता है

(C) मजदूरी हमेशा औसत उत्पादकता से अधिक होती है

(D) प्रत्येक कारक अपने सीमांत उत्पाद से अधिक कमाता है

The 'marginal productivity theory of distribution' asserts that

(A) Returns are fixed by law

(B) Each factor earns the value of its marginal product

(C) Wages are always above average productivity

(D) Every factor earns more than its marginal product

75. विश्व बैंक समूह का हिस्सा, अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (आई.बी.आर.डी.), मुख्य रूप से प्रदान करता है

(A) विशेष रूप से कम विकसित देशों को तकनीकी सहायता

(B) विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधन सेवाएँ

(C) मध्यम आय वाले देशों को ऋण और विकास सहायता

(D) प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आपातकालीन मानवीय सहायता

The International Bank for Reconstruction and Development (IBRD), part of the World Bank Group, primarily provides

(A) Technical assistance exclusively to least developed countries

(B) Foreign exchange reserves management services

(C) Loans and development assistance to middle – income countries

(D) Emergency humanitarian assistance during natural disasters

76. क्लासिकल स्कूल से सम्बद्ध कर स्थानांतरण का पूर्ण सिद्धांत मानता है कि

(A) सभी कर अंततः उपभोक्ताओं को हस्तांतरित कर दिए जाते हैं

(B) कर का बोझ सभी नागरिकों में समान रूप से वितरित किया जाता है

(C) केवल अप्रत्यक्ष करों को स्थानांतरित किया जा सकता है

(D) करों को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है और शुरू में भुगतान करने वालों द्वारा वहन किया जाता है

The absolute theory of tax shifting, associated with the classical school, assumes

(A) All taxes are eventually shifted to consumers

(B) Tax burden distributes equally among all citizens

(C) Only indirect taxes can be shifted

(D) Taxes cannot be shifted and are borne by those initially paying

77. क्रय शक्ति समानता (पी.पी.पी.) सिद्धांत के निरपेक्ष संस्करण के अनुसार, यदि भारत में वस्तुओं की एक टोकरी की कीमत ₹ 5,000 और संयुक्त राज्य अमेरिका में $100 है, तो संतुलन विनिमय दर क्या होनी चाहिए ?

(A) ₹ 45 प्रति डॉलर
(B) ₹ 50 प्रति डॉलर
(C) ₹ 60 प्रति डॉलर
(D) ₹ 40 प्रति डॉलर

According to the absolute version of Purchasing Power Parity (PPP) theory, if a basket of goods costs ₹ 5,000 in India and $100 in the USA, what should be the equilibrium exchange rate ?

(A) ₹ 45 per dollar
(B) ₹ 50 per dollar
(C) ₹ 60 per dollar
(D) ₹ 40 per dollar

78. ए.आर. वक्र और उद्योग मांग वक्र निम्नलिखित स्थिति में समान होते हैं

(A) अल्पाधिकार
(B) एकाधिकारवादी प्रतिस्पर्धा
(C) पूर्ण प्रतियोगिता
(D) एकाधिकार

The AR curve and industry demand curve are identical in the case of

(A) oligopoly
(B) monopolistic competition
(C) perfect competition
(D) monopoly

79. भारत की शहरीकरण दर और राज्यों में कार्बन उत्सर्जन के बीच संबंधों की जाँच करने वाले एक अध्ययन से 0.92 का सहसंबंध गुणांक प्राप्त होता है । हालाँकि, शोधकर्ता को मिथ्या सहसंबंध का संदेह है । निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे संभावित कारण है ?

(A) डेटा एकत्रीकरण द्वारा प्रच्छन्न एक ऋणात्मक सहसंबंध
(B) यादृच्छिक प्रतिचयन त्रुटियाँ सहसंबंध प्रबलता को कम करती हैं
(C) एक तीसरा चर, जैसे औद्योगिक उत्पादन, दोनों चरों को प्रभावित करता है
(D) शहरीकरण और उत्सर्जन के बीच एक सीधा कारण संबंध

A study examining the relationship between India's urbanization rate and carbon emissions across states yields a correlation coefficient of 0.92. However, the researcher suspects a spurious correlation. Which of the following is the most likely cause ?

(A) A negative correlation masked by data aggregation
(B) Random sampling errors reducing the correlation strength
(C) A third variable, such as industrial output, influencing both variables
(D) A direct causal relationship between urbanization and emissions

80. निम्नलिखित कारण से एकाधिकारवादी प्रतियोगिता की स्थिति में मांग वक्र एकाधिकार की तुलना में अधिक लोचदार होता है

(A) प्रवेश और निकास की स्वतंत्रता
(B) निकट प्रतिस्थापनों की उपस्थिति
(C) बड़ी संख्या में फर्में
(D) भारी बिक्री लागतें

The demand curve in case of monopolistic competition is more elastic as compared to a monopoly due to

(A) Freedom of Entry and Exit
(B) Presence of Close Substitutes
(C) Large Number of Firms
(D) Huge Selling Costs

81. टोबिन के निवेश के q-सिद्धांत यह सुझाता है कि फर्म तब निवेश करती हैं जब

(A) सरकार निवेश सहायिकी देती है

(B) बाजार मूल्य/प्रतिस्थापन लागत 1 से अधिक होती है

(C) मजदूरी की लागत कम हो रही होती हैं

(D) ब्याज दरें कम होती हैं

The q-theory of investment by Tobin suggests that firms invest when

(A) Government provides investment subsidies

(B) Market value/Replacement cost is greater than 1

(C) Labor costs are declining

(D) Interest rates are low

82. निम्नलिखित में से कौन–से भारत में गरीबी और बेरोजगारी के विषय में सत्य हैं ?

a. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) बेरोजगारी आंकड़ों का प्रमुख स्रोत है ।

b. संगठित विनिर्माण क्षेत्र में प्रच्छन्न बेरोजगारी सबसे अधिक व्याप्त है ।

c. गणना अनुपात गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली जनसंख्या अनुपात की एक माप है ।

d. 'अल्प–रोजगार' की अवधारणा का तात्पर्य है कि एक व्यक्ति काम कर रहा है परन्तु उसकी उत्पादकता कम है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल b, c और d (B) केवल c और d (C) केवल a, c और d (D) a, b, c और d

Which of the following is/are true about poverty and unemployment in India ?

a. The Periodic Labour Force Survey (PLFS) is the key source for unemployment data.

b. Disguised unemployment is most prevalent in the organized manufacturing sector.

c. The Headcount Ratio is a measure of the proportion of population living below the poverty line.

d. The concept of 'Underemployment' implies a person is working but their productivity is low.

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) Only b, c and d (B) Only c and d (C) Only a, c and d (D) a, b, c and d

83. आई.एम.एफ. के विशेष आहरण अधिकारों (एस.डी.आर.) का प्राथमिक उद्देश्य है

(A) दिवालिया सरकारों को आपातकालीन ऋण प्रदान करना

(B) सदस्य देशों की अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित परिसंपत्तियों का पूरक बनना

(C) विदेशी मुद्रा बाजार के संचालन को विनियमित करना

(D) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं को बदलना

The primary purpose of IMF's Special Drawing Rights (SDRs) is to

(A) Provide emergency loans to bankrupt governments

(B) Supplement international reserve assets of member countries

(C) Regulate foreign exchange market operations

(D) Replace national currencies in international trade

84. फर्मों के बीच मान्यता प्राप्त परस्पर निर्भरता और कीमतेतर प्रतिस्पर्धा की विशेषता वाले उद्योग संगठन के प्रकार को कहा जाता है

(A) पूर्ण प्रतियोगिता
(B) अल्पाधिकार
(C) एकाधिकारवादी प्रतियोगिता
(D) एकाधिकार

The type of industry organization that is characterized by recognized interdependence and non-price competition among firms is called

(A) perfect competition
(B) oligopoly
(C) monopolistic competition
(D) monopoly

85. सरकारी ऋण के संदर्भ में उत्कृष्ट प्रतिभूतियों का उल्लेख निम्नलिखित को संदर्भित करता है

(A) विदेशी मुद्रा मूल्यवर्गित बांड
(B) केवल अल्पकालिक ट्रेजरी बिल
(C) न्यूनतम डिफ़ॉल्ट जोखिम वाली उच्च गुणवत्ता वाली सरकारी प्रतिभूतियाँ
(D) स्वर्ण-समर्थित सरकारी बांड

Gilt-edged securities in the context of government debt refer to

(A) Foreign currency denominated bonds
(B) Short-term treasury bills only
(C) High-quality government securities with minimal default risk
(D) Gold-backed government bonds

86. एक बड़े देश की कल्पना के अंतर्गत, जब कोई देश एक इष्टतम प्रशुल्क लगाता है, तो आयातक देश पर कल्याणकारी प्रभाव है

(A) शून्य क्योंकि लाभ और हानि रद्द हो जाते हैं
(B) घरेलू मांग की लोच पर निर्भर करता है
(C) व्यापार में सुधार की शर्तों के कारण सकारात्मक
(D) कुल भार हानि के कारण सदैव नकारात्मक

Under a large country assumption, when a country imposes an optimal tariff, the welfare effect on the importing country is

(A) Zero as gains and losses cancel out
(B) Depends on the elasticity of domestic demand
(C) Positive due to terms of trade improvement
(D) Always negative due to deadweight losses

87. यदि डेटा का बहुलक 18 है और माध्य 24 है, तो माध्यिका है

If the mode of the data is 18 and mean is 24, then the median is

(A) 24 (B) 25 (C) 27 (D) 22

88. सीमांत लागत को निम्नलिखित के रूप में परिभाषित किया गया है

(A) निवेश में एक इकाई परिवर्तन के कारण कुल लागत में परिवर्तन
(B) कुल लागत और कुल उत्पादन का अनुपात
(C) कुल लागत और कुल निवेश का अनुपात
(D) उत्पादन में एक इकाई परिवर्तन के कारण कुल लागत में परिवर्तन

Marginal cost is defined as

(A) the change in total cost due to one unit change in input
(B) the ratio of total cost to total output
(C) the ratio of total cost to total input
(D) the change in total cost due to one unit change in output

89. एक सरल रैखिक प्रतिगमन मॉडल में, Y = a + bX + e, निम्नतम वर्ग विधि न्यूनीकृत करती है

(A) त्रुटियों के निरपेक्ष मानों के योग ($\Sigma|e|$) को

(B) त्रुटियों के वर्गों के योग ($\Sigma e^2$) को

(C) उन डेटा बिंदुओं की संख्या जो प्रतिगमन रेखा पर नहीं होती हैं

(D) त्रुटियों के योग ($\Sigma e$) को

In a simple linear regression model, Y = a + bX + e, the least squares method minimizes the

(A) Sum of the absolute values of the errors ($\Sigma|e|$)

(B) Sum of the squares of the errors ($\Sigma e^2$)

(C) Number of data points that do not fall on the regression line

(D) Sum of the errors ($\Sigma e$)

90. यदि किसी देश का निर्यात मूल्य सूचकांक 100 से बढ़कर 125 हो जाता है और आयात मूल्य सूचकांक 100 से बढ़क 115 हो जाता है, तो निवल वस्तु–विनिमय आयत–निर्यात स्थिति

(A) अपरिवर्तित रहेगी

(B) 8.7% का सुधरेगी

(C) ठीक 10% सुधरेगी

(D) 10% घट जाएगी

If a country's export price index rises from 100 to 125 and import price index increases from 100 to 115 the net barter terms of trade have

(A) Remained constant

(B) Improved by 8.7%

(C) Improved by exactly 10%

(D) Deteriorated by 10%

91. बाहरी ऋण को आम तौर पर घरेलू ऋण की तुलना में अधिक समस्याग्रस्त माना जाता है क्योंकि

(A) बाहरी ऋणदाता कम धैर्यवान होते हैं

(B) इसका पुनर्गठन नहीं किया जा सकता है

(C) इसमें विदेशी मुद्रा जोखिम और भुगतान संतुलन की बाधाएं शामिल हैं

(D) ब्याज दरें हमेशा अधिक होती हैं

External debt is generally considered more problematic than domestic debt because

(A) External creditors are less patient

(B) It cannot be restructured

(C) It involves foreign exchange risk and balance of payments constraints

(D) Interest rates are always higher

92. एकाधिकारवादी प्रतिस्पर्धा में, एक एकल फर्म द्वारा सामना की जाने वाली मांग का वक्र होता है

(A) पूर्णतः अस्थिर

(B) अधोवर्ती प्रवण परन्तु एकाधिकार की तुलना में अधिक लोचदार

(C) क्षैतिज

(D) पूर्णतः लोचदार

In monopolistic competition, the demand curve faced by a single firm is

(A) Perfectly inelastic

(B) Downward sloping but more elastic than monopoly

(C) Horizontal

(D) Perfectly elastic

93. दो स्वतंत्र चर ($X_1$ और $X_2$) के साथ एक बहु रैखिक प्रतिगमन मॉडल में, यदि $X_1$ और $X_2$ पूरी तरह से सहसंबद्ध ($r = 1$) हैं, तो

(A) इससे बहुसंरेखता की समस्या उत्पन्न होगी, जिससे अद्वितीय गुणांकों का अनुमान लगाना असंभव हो जाएगा

(B) इससे $R^2$ का मान अधिक हो जाएगा, जिससे मॉडल की पूर्वानुमान क्षमता में सुधार होगा

(C) इससे त्रुटि के संदर्भ में समविसारिता की स्थिति उत्पन्न होगी

(D) इससे प्रतिगमन गुणांकों के अभिनत परन्तु सुसंगत अनुमान निकलेंगे

In a multiple linear regression model with two independent variables ($X_1$ and $X_2$), if $X_1$ and $X_2$ are perfectly correlated ($r = 1$), this will lead to

(A) The problem of multicollinearity, making it impossible to estimate unique coefficients

(B) A higher $R^2$ value, improving the model's predictive power

(C) Homoscedasticity in the error terms

(D) Biased but consistent estimates of the regression coefficients

94. यदि $4y - 5x = 15$, x पर y की प्रतिगमन रेखा है और x और y के बीच सहसंबंध का गुणांक 0.75 है, तो y पर x के प्रतिगमन गुणांक का मान क्या है ?

If $4y - 5x = 15$ is the regression line of y on x and the coefficient of correlation between x and y is 0.75, what is the value of the regression coefficient of x on y ?

(A) 0.93 (B) 0.68 (C) 0.88 (D) 0.45

95. मार्शल-लर्नर शर्त के अनुसार, मुद्रा मूल्यह्रास से व्यापार संतुलन में सुधार होगा यदि

(A) निर्यात मूल्य की लोच आयात मूल्य की लोच से अधिक है

(B) आयात मूल्य लोच इकाई से अधिक है

(C) आयात की तुलना में निर्यात की मात्रा में अधिक वृद्धि हुई है

(D) निर्यात और आयात मूल्य लोच का योग इकाई से अधिक है

According to the Marshall-Lerner condition, a currency depreciation will improve the trade balance if

(A) Export price elasticity exceeds import price elasticity

(B) Import price elasticity exceeds unity

(C) Export volume increases more than import volume

(D) Sum of export and import price elasticities exceeds unity

96. कर प्रभाव के संदर्भ में, डाल्टन के भेदों के अनुसार कर का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(A) प्रारंभिक कानूनी बोझ उस व्यक्ति पर पड़ता है जिसे पहले कर भेजने की आवश्यकता होती है

(B) सरकारी व्यय द्वारा आय का पुनर्वितरण होता है

(C) अप्रासंगिक क्योंकि केवल भार मायने रखता है

(D) अंतिम आर्थिक बोझ उपभोक्ताओं द्वारा वहन किया जाता है

In the context of tax incidence, what is the impact of a tax, as per Dalton's distinctions ?

(A) The initial legal burden on the person first required to remit the tax

(B) The redistribution of income by government expenditure

(C) Irrelevant because only incidence matters

(D) The final economic burden borne by consumers

97. एकाधिकारवादी प्रतियोगिता में होती हैं

(A) एक सजातीय उत्पाद बेचने वाली कई फर्में

(B) एक सजातीय उत्पाद बेचने वाली कुछ फर्में

(C) एक विभेदित उत्पाद बेचने वाली कई फर्में

(D) एक विभेदित उत्पाद बेचने वाली कुछ फर्में

In monopolistic competition, we have

(A) many firms selling a homogeneous product

(B) few firms selling a homogeneous product

(C) many firms selling a differentiated product

(D) few firms selling a differentiated product

98. 'उपभोक्ता अधिशेष' की अवधारणा को अर्थशास्त्र में प्रस्तुत किया गया था

(A) प्रो. सैमुएलसन द्वारा (B) प्रो. स्मिथ द्वारा

(C) प्रो. मार्शल द्वारा (D) प्रो. रॉबिन्स द्वारा

The concept of 'Consumer Surplus' was introduced in Economics by

(A) Prof. Samuelson (B) Prof. Smith

(C) Prof. Marshall (D) Prof. Robbins

99. निम्नलिखित में से कौन-से भारत के आर्थिक विकास की संरचनात्मक समस्याओं के विषय में सत्य हैं ?

a. प्रच्छन्न बेरोजगारी के साथ कृषि पर उच्च निर्भरता बनी हुई है ।

b. कृषि क्षेत्र में कम उत्पादकता एक बड़ी बाधा है ।

c. अति-औद्योगीकरण ने स्वतंत्रता के बाद से प्राकृतिक संसाधनों को समाप्त कर दिया है ।

d. बुनियादी ढांचागत अड़चनें और गरीबी विकास को बाधित करती हैं ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल a, b और d (B) केवल b, c और d

(C) केवल c और d (D) a, b, c और d

Which of the following are true about structural problems of India's economic development ?

a. High dependence on agriculture with disguised unemployment persists.

b. Low productivity in the agricultural sector is a major bottleneck.

c. Over-industrialization has depleted natural resources since independence.

d. Infrastructure bottlenecks and poverty constrain growth.

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) Only a, b and d (B) Only b, c and d

(C) Only c and d (D) a, b, c and d

100. कर स्थानांतरण का सिद्धांत निम्नलिखित को संदर्भित करता है

(A) खामियों के माध्यम से कर भुगतान से बचना

(B) केवल सरकार पर कर का आपतन भार

(C) व्यवसायों द्वारा कर चोरी

(D) उत्पादकों से कर का बोझ उपभोक्ताओं पर डालना या इसके विपरीत

The theory of tax shifting refers to

(A) Avoiding tax payments through loopholes

(B) Incidence of tax on government only

(C) Tax evasion by businesses

(D) Passing the tax burden from producers to consumers or vice versa

101. इष्टतम प्रशुल्क सिद्धांत के अनुसार, एक बड़ा देश प्रशुल्क लागू करके अपने कल्याण में सुधार कर सकता है क्योंकि

(A) प्रशुल्क बिना किसी विकृति के सरकारी राजस्व उत्पन्न करते हैं

(B) संरक्षण हमेशा आयात प्रतिस्थापन की ओर ले जाता है

(C) देश विश्व की कीमतों को प्रभावित कर सकता है और अपने व्यापार की शर्तों में सुधार कर सकता है

(D) प्रशुल्क हमेशा घरेलू उत्पादक अधिशेष को बढ़ाते हैं

According to the optimal tariff theory, a large country can improve its welfare by imposing tariffs because

(A) Tariffs generate government revenue without distortions

(B) Protection always leads to import substitution

(C) The country can influence world prices and improve its terms of trade

(D) Tariffs always increase domestic producer surplus

102. यूरोपीय संघ का एकल बाजार ''चार स्वतंत्रताओं'' की विशेषता है । निम्नलिखित में से कौन-सी स्वतंत्रता इन स्वतंत्रताओं में से एक नहीं है ?

(A) सेवाओं की मुक्त आवाजाही (B) पूँजी की मुक्त आवाजाही

(C) प्रौद्योगिकी की मुक्त आवाजाही (D) माल की मुक्त आवाजाही

The European Union's single market is characterized by the "four freedoms." Which of the following is not one of these freedoms ?

(A) Free movement of services (B) Free movement of capital

(C) Free movement of technology (D) Free movement of goods

103. 'फर्मों के बीच परस्पर निर्भरता' किस प्रकार के बाजार रूप की एक विशेषता है ?

(A) एकाधिकारवादी प्रतियोगिता (B) एकाधिकार

(C) पूर्ण प्रतियोगिता (D) अल्पाधिकार

'Interdependence Between Firms' is a feature of which type of market form ?

(A) Monopolistic Competition (B) Monopoly

(C) Perfect Competition (D) Oligopoly

5091033345

104. ऋण मुद्रीकरण का अर्थ है

(A) ऋण परिपक्वता प्रोफाइल का पुनर्गठन

(B) कर्ज कम करने के लिए सरकारी संपत्ति बेचना

(C) केंद्रीय बैंक द्वारा घाटे के वित्तपोषण के लिए सरकारी बांड खरीदना

(D) विदेशी ऋण को घरेलू मुद्रा में बदलना

Debt monetization refers to

(A) Restructuring debt maturity profiles

(B) Selling government assets to reduce debt

(C) Central Bank purchasing government bonds to finance deficits

(D) Converting foreign debt to domestic currency

105. एक मध्यम विषम बंटन में, माध्य और माध्यिका के मान क्रमशः 12 और 8 हैं । बहुलक का मान है

In a moderately skewed distribution, the values of mean and median are 12 and 8 respectively. The value of mode is

(A) 12 (B) 15 (C) 30 (D) 0

106. एक बाजार संरचना जिसमें केवल एक ही खरीदार और एक ही विक्रेता होता है, निम्नलिखित के रूप में जानी जाती है

(A) अल्पाधिकार (B) द्विपक्षीय एकाधिकार

(C) द्वयधिकार (D) एकक्रेताधिकार

A market structure in which there is only a single buyer and a single seller is known as

(A) Oligopoly (B) Bilateral Monopoly

(C) Duopoly (D) Monopsony

107. कीनेस का मुद्रा की सट्टा माँग का सिद्धांत आधारित है

(A) मुद्रा आपूर्ति के सरकारी विनियमन पर

(B) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आवश्यकताओं पर

(C) भविष्य की ब्याज दरों और बॉन्ड की कीमतों के सम्बन्ध में अनिश्चितता पर

(D) आर्थिक अभिकर्ताओं की लेन-देन आवश्यकताओं पर

Keynes's speculative demand for money is based on

(A) Government regulation of money supply

(B) International trade requirements

(C) Uncertainty about future interest rates and bond prices

(D) Transactions requirements of economic agents

108. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष और प्रगतिशील कर है ?

(A) उत्पाद शुल्क (B) आय कर (C) सीमा शुल्क (D) बिक्री कर

Which of the following is a direct and progressive tax ?

(A) Excise duty (B) Income tax (C) Custom duty (D) Sales tax

109. कीनेस की निरपेक्ष आय परिकल्पना से पता चलता है कि उपभोग करने की औसत प्रवृत्ति

(A) आय में वृद्धि पर बढती है

(B) सदैव उपभोग करने की सीमांत प्रवृत्ति के बराबर होती है

(C) आय में वृद्धि के साथ घटती (एम.पी.एस. में वृद्धि के कारण) है

(D) आय बढ़ने पर स्थिर रहती है

Keynes's absolute income hypothesis suggests that the average propensity to consume

(A) Increases as income increases

(B) Is always equal to the marginal propensity to consume

(C) Decreases as income increases (due to increasing MPS)

(D) Remains constant as income increases

110. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) का प्राथमिक कार्य या उद्देश्य नहीं है ?

(A) सदस्य देशों के बीच व्यापार विवादों का निपटारा करना

(B) भुगतान संतुलन में सुधार के लिए विकासशील देशों को ऋण प्रदान करना

(C) राष्ट्रीय व्यापार नीतियों की निगरानी और समीक्षा करना

(D) व्यापार समझौतों का प्रशासन और कार्यान्वयन करना

Which of the following is not a primary function or objective of the World Trade Organization (WTO) ?

(A) Settling trade disputes between member countries

(B) Providing loans to developing countries to improve balance-of-payments

(C) Monitoring and reviewing national trade policies

(D) Administering and implementing trade agreements

111. भारत की जनसंख्या नीति में निम्नलिखित मील के पत्थरों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।

a. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति (एन.पी.पी.) का शुभारंभ

b. परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रारंभ

c. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की स्थापना

d. परिवार नियोजन में लक्ष्य-मुक्त दृष्टिकोण को अपनाना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) c, b, a, d (B) b, a, d, c (C) b, d, a, c (D) a, b, c, d

Arrange the following milestones in India's Population Policy in chronological order.

a. Launch of the National Population Policy (NPP)

b. Introduction of the Family Planning Programme

c. Establishment of the National Rural Health Mission

d. Adoption of the Target-Free Approach in family planning

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) c, b, a, d (B) b, a, d, c (C) b, d, a, c (D) a, b, c, d

112. सूची – I का सूची – II के साथ मिलान करें ।

| सूची – I (संस्थान) | सूची – II (प्राथमिक कार्य) |
|---|---|
| a. आई.एम.एफ. | I. निर्धनतम देशों को रियायती ऋण |
| b. आई.बी.आर.डी. | II. भुगतान समर्थन और समष्टि आर्थिक स्थिरता का संतुलन |
| c. आई.डी.ए. | III. मध्यम आय वाले देश के विकास के लिए वित्तपोषण |
| d. ए.डी.बी. | IV. एशिया–प्रशांत में क्षेत्रीय विकास वित्तपोषण |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) a – II, b – I, c – III, d – IV
(B) a – I, b – II, c – IV, d – III
(C) a – II, b – III, c – I, d – IV
(D) a – I, b – II, c – III, d – IV

Match List – I with List – II.

| List – I (Institutions) | List – II (Primary Functions) |
|---|---|
| a. IMF | I. Concessional lending to poorest countries |
| b. IBRD | II. Balance of payments support and macroeconomic stability |
| c. IDA | III. Middle – income country development financing |
| d. ADB | IV. Regional development financing in Asia-Pacific |

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) a – II, b – I, c – III, d – IV
(B) a – I, b – II, c – IV, d – III ×
(C) a – II, b – III, c – I, d – IV
(D) a – I, b – II, c – III, d – IV

113. कौन-सा सिद्धांत मूल जी.ए.टी.टी. 1947 का मूल स्तंभ नहीं था ?

(A) नेशनल ट्रीटमेंट सिद्धांत
(B) प्रशुल्कों का बंधन
(C) पूँजी की मुक्त आवाजाही
(D) मोस्ट फेवर्ड नेशन (एम.एफ.एन.) व्यवहार

Which principle was not a fundamental pillar of the original GATT 1947 ?

(A) National treatment principle
(B) Binding of tariffs
(C) Free movement of capital
(D) Most Favoured Nation (MFN) treatment

14. रिकार्डियन समतुल्यता प्रमेय के अनुसार, सरकारी ऋण वित्तपोषित कर कटौती में वृद्धि के कारण

(A) उपभोग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि विवेकी उपभोक्ता भविष्य के करों का भुगतान करने के लिए कर में कटौती करते हैं

(B) क्राउडिंग आउट प्रभावों के माध्यम से निवेश को कम होगा

(C) मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि के कारण स्वतः ही मुद्रास्फीति हो जाएगी

(D) अधिक प्रयोज्य आय के कारण कुल खपत में वृद्धि होगी

According to the Ricardian Equivalence theorem, an increase in government debt financed tax cuts will

(A) Have no effect on consumption as rational consumers save the tax cut to pay future taxes

(B) Reduce investment through crowding out effects

(C) Automatically lead to inflation due to increased money supply

(D) Increase aggregate consumption due to higher disposable income

115. निम्नलिखित में से कौन-सी एकाधिकार प्रतियोगिता की विशेषता नहीं है ?

(A) प्रवेश और निकास की स्वतंत्रता

(B) कीमतेतर भेदभाव

(C) सजातीय उत्पाद

(D) बड़ी संख्या में विक्रेता

Which of the following is not the characteristic of Monopolistic Competition ?

(A) Freedom of entry and exit

(B) Non price discrimination

(C) Homogeneous product

(D) Large number of sellers

116. उपभोग के लिए सीमांत प्रवृत्ति (एम.पी.सी.) है

(A) कुल उपभोग का कुल आय से विभाजन

(B) बचत की गई कुल आय का अंश

(C) उपभोग और बचत के बीच का अंतर

(D) उपभोग की गई अतिरिक्त आय का अंश

The Marginal Propensity to Consume (MPC) is

(A) The total consumption divided by total income

(B) The fraction of total income saved

(C) The difference between consumption and saving

(D) The fraction of additional income consumed

117. 'करभार' शब्द का अर्थ है

(A) कर का कानूनी रूप से लागू होना

(B) कर संग्रह की विधि

(C) सरकार द्वारा एकत्रित राजस्व की राशि

(D) कर का वास्तविक आर्थिक बोझ

The term 'tax incidence' refers to

(A) The legal imposition of tax

(B) The method of tax collection

(C) The amount of revenue collected by the government

(D) The actual economic burden of the tax

118. एक मध्यम विषम बारंबारता बंटन में, केंद्रीय प्रवृत्ति की सर्वोत्तम माप सामान्यतः मानी जाती है

(A) माध्यिका, क्योंकि यह चरम मानों और विषमता से कम प्रभावित होता है

(B) बहुलक, क्योंकि यह सबसे बहुधा आने वाले मान को निरूपित करता है

(C) गुणोत्तर माध्य, क्योंकि इसका उपयोग अनुपातों के औसत निकालने के लिए किया जाता है

(D) समांतर माध्य, क्योंकि यह डेटासेट में प्रत्येक मान को सम्मिलित करता है

In a moderately skewed frequency distribution, the best measure of central tendency is generally considered to be the

(A) Median, as it is less affected by extreme values and skewness

(B) Mode, as it represents the most frequently occurring value

(C) Geometric Mean, as it is used for averaging ratios

(D) Arithmetic Mean, as it incorporates every value in the dataset

119. द्विपक्षीय व्यापार व्यवस्थाओं की तुलना में बहुपक्षीय व्यापार का मुख्य लाभ है

(A) घरेलू उद्योगों के लिए बेहतर सुरक्षा

(B) व्यापार सृजन और विशेषज्ञता लाभों की अधिक गुंजाइश

(C) संरक्षणवादी नीतियों का आसान कार्यान्वयन

(D) देशों के बीच समझौता वार्ता की सरल प्रक्रियाएँ

The main advantage of multilateral trade over bilateral trade arrangements is

(A) Better protection for domestic industries

(B) Greater scope for trade creation and specialization benefits

(C) Easier implementation of protectionist policies

(D) Simpler negotiation processes between countries

120. निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सिद्धांतों को उनके विकास के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।

a. हेक्शर–ओहलिन का कारक अनुपात सिद्धांत

b. एडम स्मिथ का निरपेक्ष सुलाभ सिद्धांत

c. डेविड रिकार्डो का तुलनात्मक सुलाभ सिद्धांत

d. लियोन्टीफ का विरोधाभास और कारक तीव्रता व्युत्क्रमण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) a, b, d, c (B) b, a, d, c (C) b, c, a, d (D) a, b, c, d

Arrange the following international trade theories in chronological order of their development.

a. Heckscher-Ohlin Factor Proportions Theory

b. Adam Smith's Absolute Advantage Theory

c. David Ricardo's Comparative Advantage Theory

d. Leontief Paradox and Factor Intensity Reversal

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) a, b, d, c (B) b, a, d, c (C) b, c, a, d (D) a, b, c, d

121. अंतर्राष्ट्रीय तरलता में ट्रिफिन दुविधा संदर्भित करती है

(A) निश्चित विनिमय दरों को स्थायी रूप से बनाए रखने की असंभवता

(B) आरक्षित मुद्रा में विश्वास और तरलता के बीच विरोधाभास

(C) भुगतान संतुलन में असममित समायोजन की समस्या

(D) घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक नीति के बीच संघर्ष

The Triffin Dilemma in international liquidity refers to

(A) Impossibility of maintaining fixed exchange rates permanently

(B) Contradiction between confidence and liquidity in reserve currency

(C) Problem of asymmetric adjustment in balance of payments

(D) Conflict between domestic and international monetary policy

122. सार्वजनिक वित्त में रिकार्डियन समतुल्यता प्रस्ताव से पता चलता है कि तत्काल कराधान के स्थान पर ऋण के माध्यम से सरकारी खर्च का वित्तपोषण

(A) मौद्रिक विस्तार के कारण तत्काल मुद्रास्फीति की ओर ले जाता है

(B) कुल मांग पर इसका कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि परिवार भविष्य के करों का अनुमान लगाते हैं

(C) हमेशा सरकारी ऋण लागतों को कम करता है

(D) अधिक उपभोग के कारण कुल मांग में वृद्धि को बढ़ाता है

The Ricardian Equivalence proposition in public finance suggests that financing government spending through debt rather than immediate taxation

(A) Leads to immediate inflation due to monetary expansion

(B) Has no real effect on aggregate demand as households anticipate future taxes

(C) Always reduces government borrowing costs

(D) Increases aggregate demand due to higher consumption

123. भारत में निम्नलिखित श्रम/सामाजिक सुरक्षा कानूनों को कालानुक्रम में व्यवस्थित करें ।

a. कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम

b. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम

c. ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम

d. सामाजिक सुरक्षा संहिता

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) a, b, c, d (B) b, a, d, c (C) c, b, d, a (D) b, a, c, d

Arrange the following labour/social security legislations in India in chronological order.

a. Employees' Provident Fund Act

b. Employees' State Insurance Act

c. Payment of Gratuity Act

d. Code on Social Security

Choose the most appropriate answer from the options given below :

(A) a, b, c, d (B) b, a, d, c (C) c, b, d, a (D) b, a, c, d

124. किसी फर्म का सीमांत राजस्व निम्नलिखित के अंतर्गत स्थिर रहता है

(A) एकाधिकारवादी प्रतियोगिता (B) अल्पाधिकार

(C) द्वयधिकार (D) पूर्ण प्रतियोगिता

Marginal revenue of a firm is constant throughout under

(A) Monopolistic Competition (B) Oligopoly

(C) Duopoly (D) Perfect Competition

125. हैरोड-डोमर मॉडल में, विकास की अपेक्षित दर (Gw) तब प्राप्त होती है जब

(A) बचत बिल्कुल निवेश आवश्यकताओं द्वारा अवशोषित हो जाती है

(B) पूँजी-उत्पादन अनुपात न्यूनतम हो जाता है

(C) अर्थव्यवस्था अनिश्चित काल तक पूर्ण रोजगार पर काम करती है

(D) वास्तविक विकास दर स्वाभाविक विकास दर के बराबर होती है

In the Harrod-Domar model, the warranted rate of growth (Gw) is achieved when

(A) Savings are exactly absorbed by investment requirements

(B) The capital-output ratio is minimized

(C) The economy operates at full employment indefinitely

(D) The actual growth rate equals the natural growth rate